सं.ए. 20011/4/2020-हिंदी/Hindi
भारत सरकार/ Government of India
गृह मंत्रालय / Ministry of Home Affairs
समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार
Directorate of Coordination Police Wireless

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खण्ड सं 9,के.स.का .परिसर/Block No.9, C.G.O., Complex,
लोधीरोड ,नईदिल्ली/Lodhi Road, New Delhi-3

दिनांक/Date:- 11 नवंबर, 2024

परिपत्र/CIRCULAR

विषय: राजभाषा हिन्दी के निरीक्षण और हिन्दी पत्राचार व टिप्पणियों की प्रतिशतता की प्रमाणिकता के संबंध में।

निदेशालय में सितंबर, 2024 को समाप्त तिमाही हेतु दिनांक 22 अक्टूबर, 2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे अपर निदेशक महोदय की अध्यक्षता में आयोजित हुई राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में लिए गए निर्णयानुसार समस्त जोनल प्रशासनिक अधिकारियों (ZAOs) से अनुरोध किया जाता है कि राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार मुख्यालय से बाहर स्थित अधीनस्थ कार्यालयों में प्रति वर्ष न्यूनतम 25 प्रतिशत निरीक्षण किया जाना अनिवार्य है, इस हेतु आप अपने अधीन कार्यालयों में से कम से कम 25 प्रतिशत कार्यालयों का राजभाषा हिन्दी का निरीक्षण आपके वार्षिक निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान सुनिश्चित करें व निरीक्षण रिपोर्ट राजभाषा अनुभाग को प्रेषित करें ताकि वार्षिक लक्ष्य को हासिल किया जा सके। इस संबंध में निरीक्षण-प्रपत्र निदेशालय के उपयोगिता फॉर्म में उपलब्ध है।

उपर्युक्त बैठक के निर्णयानुसार आप प्रत्येक तिमाही में भरी जाने वाली हिन्दी तिमाही प्रगति रिपोर्ट में अलग-अलग क्षेत्रों (क्षेत्र 'क', 'ख' व 'ग') के हिन्दी पत्राचार प्रतिशतता व हिन्दी टिप्पणियों की प्रतिशतता के संबंध में आँकड़ों की प्रामाणिकता सुनिश्चित करें ताकि राजभाषा विभाग के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा दिया जाए।

11/11/24
(विद्याधर)
संयुक्त निदेशक (राजभाषा)

प्रतिलिपि -

1. निदेशक के प्रधान वैयेक्तिक सचिव : सादर सूचनार्थ।
2. अपर निदेशक महोदय (मुख्यालय) के निजी सचिव : सादर सूचनार्थ।
3. अपर निदेशक महोदय (संचालन) के निजी सचिव : सादर सूचनार्थ।
4. सभी जोनल प्रशासनिक अधिकारी (ZAOs)।
5. सूचना एवं प्रौद्योगिकी अनुभाग (वैबसाइट पर अपलोड करने हेतु)।